
## प्रश्नावली 15.2

**प्रश्न 1:**

निम्न बिंदुओं को एक वर्गांकित कागज़ (Graph Sheet) पर अंकित कीजिए और जाँचिए कि क्या वे सभी एक सरल रेखा पर स्थित हैं?

(a) A(4, 0), B(4, 2), C(4, 6), D(4, 2.5)
(b) P(1, 1), Q(2, 2), R(3, 3), S(4, 4)
(c) K(2, 3), L(5, 3), M(5, 5), N(2, 5)




**उत्तर 1:**


(a) A, B, C और D सभी एक सरल रेखा पर स्थित हैं।
(b) P, Q, R और S सभी एक सरल रेखा पर स्थित हैं।
(c) K, L, M और N सभी एक सरल रेखा पर स्थित नहीं हैं।

**प्रश्न 2:**

बिंदुओं (2, 3) तथा (3, 2) में से गुज़रती हुई एक सरल रेखा खीचिए। उन बिंदुओं के निर्देशांक लिखिए जिन पर यह रेखा x-अक्ष तथा y-अक्ष को प्रतिच्छेद करती है।


**उत्तर 2:**

बिंदुओं (2, 3) तथा (3, 2) में से गुज़रती हुई सरल रेखा, $x-$ अक्ष को (5, 0) पर तथा $y-$ अक्ष को (0, 5) पर प्रतिच्छेद करती है।




**प्रश्न 3:**

आलेख में बनाई गई आकृतियों में प्रत्येक के शीर्षों के निर्देशांक लिखिए।




**उत्तर 3:**

आकृति OABC के शीर्षों के निर्देशांक
O (0, 0), A (2, 0), B (2, 3) तथा C (0, 3)

आकृति PQRS के शीर्षों के निर्देशांक
P (4, 3), Q (6, 1), R (6, 5) तथा S (4, 7)

आकृति LMK के शीर्षों के निर्देशांक
L (7, 7), M (10, 8) तथा K (10, 5)

**प्रश्न 4:**

निम्न कथनों में कौन सा सत्य है तथा कौन सा असत्य? असत्य दो ठीक कीजिए।

(i) कोई बिंदु जिसका x-निर्देशांक शून्य है तथा y-निर्देशांक शून्येतर है, y-अक्ष पर स्थित होता है।
(ii) कोई बिंदु जिसका y-निर्देशांक शून्य है तथा x-निर्देशांक 5 है, y-अक्ष पर स्थित होता है।
(iii) मूल बिंदु के निर्देशांक (0, 0) हैं।

**उत्तर 4:**

(i) सत्य (ii) असत्य, $x-$ अक्ष पर स्थित होता है। (iii) सत्य